Hindi Diwas.
Dt. 13.09.2025

## HINDI Diwas observed By Department of HINDI along with IQAC on 13th September,2025

बि . जे. बि. स्वयंसासित महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं IQAC के मिलत तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन दिनांक 13/09/2025 को मिनी ऑडिटोरियम, न्यू आर्ट्स ब्लॉक में किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य तथा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. गुलाम मोइनुद्दीन खान के साथ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) झुमकी रथ, डॉ. लक्ष्मीधर भोल (इतिहास विभाग), IQAC के सदस्य डॉ. सविंदर कुमार समल(प्राणी विज्ञान) एवं पूर्व विभाग प्रभारी डॉ. कल्याणी बिस्वाल उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्षा डॉ. नगीना बनो ने की। दीप प्रज्वलन ,स्वागत संगीत एवं ओड़िशी नृत्य प्रस्तुति के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। डॉ. लक्ष्मीधर भोल ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने हेतु हिंदी भाषा को चुना एवं विविधता पूर्ण देश भारत को एक सूत्र में बांधे रखने की क्षमता हिंदी में ही है तथा आनेवाले समय के साथ हिंदी भाषा के प्रयोग एवं उत्तरोत्तर विकास की कामना की। अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए डॉ. समल ने दृढ़ता के साथ यह कहा कि हिंदी भाषा का प्रयोग पहले से होता आ रहा है तथा तकनीकि के विकास के साथ इसका प्रयोग ऐसे ही होता रहेगा। हम सभी के प्रयास से ही इस भाषा का विकास संभव है। अपने संभाषण में डॉ. खान ने हिंदी के गौरवपूर्ण इतिहास को याद किया । हिंदी भाषा और साहित्य में कैसे सम्पूर्ण भारत की संस्कृति, मान्यताएं, विचारों का समन्वय हो पाया है इसे रेखांकित किया। हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति, उनके प्रावधानों एवं आज हिंदी के प्रयोग पर इनके प्रभाव को रेखांकित किया गया। जैसे-जैसे वैश्वीकरण के विभिन्न पहलू सामने आ रहे हैं तथा तकनीकी का विकास हो रहा है वैसे-वैसे हिंदी भाषा के प्रयोग की आवश्यकता भी बढ़ रही है। डॉ.खान ने हिंदी भाषा के विकास में हिन्दी फिल्मों, गानों, विज्ञापनों, रेडियो तथा उन सभी व्यक्तियों के योगदान को आधारस्तम्भ माना जिस कारण हिंदी को एक अलग, विशेष तथा प्रमुख स्थान प्राप्त हो पाया। हिंदी भारत एवं भारतीयों के अस्तित्व का एक अभिन्न अंग है और सदैव रहेगा।

हिंदी दिवस समारोह कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती विजयलक्ष्मी पलाई एवं श्रेय मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन विभाग के अध्यापक डॉ. घाटे कैलाश बलिराम द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में दीपांजलि नायक, अंकिता महापात्र, निकिता कुमारी एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही लोक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।

Member, IQAC

Head of the Department
Department of Hindi

Geetanjali pande